<u>संदेश</u>

चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती चाँद, वैशाखी, विशु, नवरेह और साजिबु चेरोबा त्योहार के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

नव वर्ष के आगमन के स्वागत में, देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न तरीकों से एक साथ मनाए जाने वाले ये त्योहार विविधता में एकता के प्रतीक हैं। इनके माध्यम से हमारे देश की सांस्कृतिक समृद्धि की झलक भी दिखती है।

मेरी कामना है कि इन उल्लासमय त्योहारों से हमारे समाज में समृद्धि, सौहार्द और एकता की भावना मजबूत हो और लोगों में परस्पर प्रेम और सद्भावना बढ़े।

****